**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**अधिसूचना**

संख्या–09 / न०वि०(टाउनशिप)–03 / 2026(Part-I)..................न०वि० एवं आ०वि०, दिनांक–

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–4583, दिनांक–23.04.2026 के द्वारा सीतापुरम ग्रीनफील्ड सैटेलाईट टाउनशिप, सीतामढ़ी में चिह्नित टाउनशिप के विशेष क्षेत्र (कोर क्षेत्र सहित) में, आयोजना क्षेत्र का विस्तार करते हुए, मास्टर प्लान अधिसूचित करने के लिए दिनांक–30.06.2027 तक बिहार शहरी आयोजना तथा विकास अधिनियम, 2012 की धारा–9(7) के तहत् भूमि के क्रय–विक्रय / हस्तांतरण एवं भूमि का विकास / भवनों के निर्माण से संबंधित सभी कार्यो पर रोक लगाये जाने का निर्णय लिया गया है। विभागीय अधिसूचना संख्या–6579, दिनांक–26.06.2026 द्वारा सीतामढ़ी आयोजना क्षेत्र को विस्तारित किया गया है।

उक्त के आलोक में सीतामढ़ी आयोजना क्षेत्र अन्तर्गत सीतापुरम ग्रीनफील्ड सैटेलाईट टाउनशिप के विशेष क्षेत्र (कोर क्षेत्र सहित), जिसमें सम्मिलित प्रशासनिक इकाइयों एवं राजस्व ग्रामों की विवरणी संलग्न अनुसूची–1 में अंकित है, का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए उक्त क्षेत्र में सम्मिलित प्रशासनिक इकाइयों एवं राजस्व ग्रामों में बिहार शहरी आयोजना तथा विकास अधिनियम, 2012 की धारा–9(7), सह–पठित बिहार शहरी आयोजना तथा विकास नियमावली, 2014 के नियम–9(8) के तहत् भूमि के क्रय–विक्रय / हस्तांतरण एवं भूमि का विकास / भवनों के निर्माण से संबंधित सभी कार्यो पर दिनांक–30.06.2027 तक तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाती है।

यह अधिसूचना विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6608, दिनांक–19.06.2026 के साथ सहपठित होगी।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

**ह० / –**

**( मनोज कुमार )**

अपर सचिव,

नगर विकास एवं आवास विभाग।

**ज्ञापांक**–09 / न०वि०(टाउनशिप)–03 / 2026(Part-I) 6825 न०वि० एवं आ०वि० पटना, दिनांक– 04/07/2

**प्रतिलिपि**–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना / ई–गजट कोषांग वित्त विभाग, पटना (सी०डी० के साथ) को बिहार गजट में अतिरिक्त प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि प्रकाशित गजट के 200 कॉपी कार्यालय उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाय।

**प्रतिलिपि**–मुख्य सचिव, बिहार / विकास आयुक्त, बिहार / मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव / सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / अध्यक्ष, बिहार भू–सम्पदा अपीलीय न्यायाधिकरण, पटना / अध्यक्ष, भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, बिहार, पटना / नगर आयुक्त, सभी नगर निगम / नगर कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सभी जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**—समाहर्त्ता—सह जिला निबंधक, सीतामढ़ी/जिला अवर निबंधक/सभी अवर निबंधक, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**—माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/विभाग के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

4/7/2016

**अपर सचिव**

नगर विकास एवं आवास विभाग

## अनुसूची–I

## सीतामढ़ी में चिन्हित टाउनशिप के विशेष क्षेत्र तथा कोर क्षेत्र के अन्तर्गत प्रशासनिक इकाईयों एवं राजस्व ग्रामों के नाम एवं विवरण

**Sitamarhi Core Area: Administrative Unit/Revenue Village List**

| Sl. | District | CD Block | Administrative Unit/ Revenue Village | Remark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sitamarhi | Dumra | Punaura (Sitamarhi MC.ward No 4 & 7) | URBAN |

**Sitamarhi Special Area including Core Area: Administrative Unit/Revenue Village List**

| Sl. | District | CD Block | Administrative Unit/ Revenue Village | Remark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sitamarhi | Dumra | Lauhdiah | RURAL |
| 2 | Sitamarhi | Dumra | Kokna | RURAL |
| 3 | Sitamarhi | Dumra | Maniari | RURAL |
| 4 | Sitamarhi | Dumra | Bakhri | RURAL |
| 5 | Sitamarhi | Dumra | Rampur Parori | RURAL |
| 6 | Sitamarhi | Dumra | Barharwa | RURAL |
| 7 | Sitamarhi | Dumra | Banchauri | RURAL |
| 8 | Sitamarhi | Dumra | Khairwa | RURAL |
| 9 | Sitamarhi | Dumra | Athauharichhapra | RURAL |
| 10 | Sitamarhi | Dumra | Bairbas | RURAL |
| 11 | Sitamarhi | Dumra | Bhauparsad | RURAL |
| 12 | Sitamarhi | Dumra | Muradpur | RURAL |
| 13 | Sitamarhi | Dumra | Karnahia | RURAL |
| 14 | Sitamarhi | Dumra | Kharka | RURAL |
| 15 | Sitamarhi | Dumra | Punaura | RURAL |
| 16 | Sitamarhi | Dumra | Madhuban | RURAL |
| 17 | Sitamarhi | Dumra | Sitamarhi ward No 2,3,4,5,6,7,8, 19, 20 & 21 | URBAN |
| 18 | Sitamarhi | Parsauni | Dewa | RURAL |
| 19 | Sitamarhi | Riga | Pakri | RURAL |
| 20 | Sitamarhi | Riga | Simri | RURAL |
| 21 | Sitamarhi | Riga | Bhorha | RURAL |
| 22 | Sitamarhi | Riga | Bhagwanpur Piprarhi | RURAL |
| 23 | Sitamarhi | Riga | Sankhi | RURAL |
| 24 | Sitamarhi | Riga | Mandar | RURAL |
| 25 | Sitamarhi | Riga | Rewasi Maksudpur | RURAL |
| 26 | Sitamarhi | Riga | Bhabdepur | RURAL |
| 27 | Sitamarhi | Riga | Mathwa Azrakbe Balua Arazi | RURAL |
| 28 | Sitamarhi | Riga | Ijrahia | RURAL |
| 29 | Sitamarhi | Riga | Bhawanipur | RURAL |
| 30 | Sitamarhi | Riga | Ramnagar | RURAL |
| 31 | Sitamarhi | Riga | Narsanda urf Narsawan | RURAL |
| 32 | Sitamarhi | Riga | Anhari Ujiari | RURAL |